# नेहरू मैमोरियल राजकीय महाविद्यालय, हाँसी

वार्षिक पुरस्कार–वितरण समारोह

(08 अप्रैल, 2016)

के अवसर पर

प्राचार्य

## डॉ. इन्द्राज सिंह, एच.ई.एस.– I

द्वारा प्रस्तुत

वार्षिक–प्रतिवेदन

2015–2016

मुख्य अतिथि :–
श्रीमती संतोष मलिक
सेवानिवृत प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय, बरवाला (हिसार)

# वार्षिक प्रतिवेदन

माननीय मुख्य अतिथि महोद्या श्रीमती संतोष मलिक, पूर्व प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय, बरवाला (हिसार) उपस्थित अतिथिगण, प्रबुद्ध पत्रकार बन्धु, सहयोगी प्राध्यापक वृन्द, कर्मचारी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियों, ने0 मै0 राजकीय महाविद्यालय, हांसी के इस 47 वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की पावन बेला में आपका सादर अभिनन्दन एवं स्वागत है ।

आज हमारे मध्य पूर्व प्राचार्या श्रीमती संतोष मलिक जी को पाकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे है। महोद्या आप जैसे प्रतिभावान व्यक्तित्व से सभी परिचित है तथापि मैं उपस्थित जनसमुदाय से आपका परिचय करवाना अपना कर्त्तव्य समझता हूं । श्रीमती संतोष मलिक का जन्म रोहतक जिले के भापड़ौदा गांव में हुआ । आपने मैट्रिक की परीक्षा राजकीय विद्यालय, भापडौदा (रोहतक) से की तथा B.A Hons. की शिक्षा जाट महाविद्यालय, रोहतक से पूरी की एवं C.R College, Rohtak से B.Ed की उपाधि प्राप्त की । आपने महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर तथा M.Phil की शिक्षा पूरी की । आपने अपनी सेवा की शुरूआत 04.09.1982 से राजकीय महाविद्यालय, सिरसा से की। आप दिसम्बर, 2003 तक इसी महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अपने ज्ञान से लाभान्वित करती रही । तत्पश्चात् 2003 से 2012 तक आपने राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिसार में अध्यापन कार्य किया । आपने हिसार में मुख्यतः स्नातकोत्तर (एम0ए0) कक्षाओं को पढ़ाया । 2012 में आपने प्राचार्य के रूप में पदोन्नत होकर राजकीय महाविद्यालय, नरवाना में कार्यभार सम्भाला इसके बाद 2013 से 2015 तक आप राजकीय महाविद्यालय, बरवाला में प्राचार्य के रूप में कार्यरत रही । आपके नेतृत्व में इस महाविद्यालय में अनेक प्रकार से प्रगति की । 31 दिसम्बर, 2015 को आप राजकीय महाविद्यालय, बरवाला से ही सरकारी सेवा से निवृत्त हुई । श्रीमती संतोष मलिक स्वभाव से मृदुल, विनम्र एवं सबको साथ लेकर काम करने की भावना में युक्त है । आपका स्नेहपूर्ण स्वभाव एवं मधुर व्यवहार सबको सहजता से अपनी ओर आकर्षित करता है ।

महोद्या ! शिक्षा के प्रति आपकी रूचि एवं जनसामान्य से स्नेह के कारण आपने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर हमारे मध्य उपस्थित होकर हमें कृतार्थ किया । इन शब्दों के साथ मैं अपने और महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः आपका अभिनन्दन करता हूं ।

जारी.....2.....

नेहरू मैमोरियल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हांसी की स्थापना वर्ष 1968 में एजुकेशन सोसायटी हॉसी द्वारा की गई । 15 फरवरी 1980 को हरियाणा सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया 1 सितम्बर 1988 से वर्तमान भवन में कक्षाओं का शुभारंभ हुआ । महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं सहित कुल 73 कमरें हैं तथा एक बहुउद्देशीय हाल है । वर्ष 2012 से महाविद्यालय में एम0.कॉम की कक्षाऐं सुचारू रूप से चल रही है ।

महाविद्यालय में एम0.कॉम, बी0.ए0., बी0.कॉम, बी0.सी0.ए0. तथा बी0.एस0.सी0. के पाठ्यक्रम हैं जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 2165 हैं । आज महाविद्यालय में प्राघ्यापक एवं प्राघ्यापिकाओं के 47 पद स्वीकृत है जिसमें 16 प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं कार्यरत है तथा 32 पद रिक्त है तथा 15 अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं ।

**मैरिट स्कोलरशिपः–**

श्री कर्मवीर सिंहाग जी की अध्यक्षता में मैरिट स्कोलरशिप का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है Haryana State Meritorious Incentive Scheme के अन्तर्गत बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0 कॉम0 कक्षा उत्तीर्ण करने वाले कमशः प्रथम , द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 90000/– रू की छात्रवृति प्रदान की गई । **Under Graduate Merit Scholarship to Girls Students Scheme** के अन्तर्गत प्रथम वर्ष की 10 छात्राओं को प्रति छात्रा 3000/– रू की राशि प्रदान की गई । **Haryana State Council for Science and Technology Department** की ओर से **Promotion of Science Education** के लिए महाविद्यालय की बी0एससी0 तृतीय वर्ष की छात्रा करूणा एंव बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष की छात्रा भावना एंव सोनिया को प्रति छात्रा 56000/– रू की छात्रवृति प्रदान की गई । राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान की ओर से संस्कृत भाषा के प्रोत्साहन के लिए महाविद्यालय में संस्कृत भाषा पढने वाले चार छात्रों को प्रति छात्र 4000/– रू की छात्रवृति प्रदान की गई।

श्री कृष्ण कुमार जी की अध्यक्षता में महाविद्यालय में 471 अनुसूचित जाति के छात्रों को किताबों व छात्रवृति के लिए हरियाणा सरकार की योजनानुसार कुल 65,34,000/– रू की राशि महाविद्यालय द्वारा वितरित की जा चुकी है ।

**महाविद्यालय में विभिन्न परिषद कार्यरत हैः–**

**संस्कृत साहित्य परिषदः–**

संस्कृत भाषा साहित्य परिषद श्रीमती सविता मान के कुशल नेतृत्व एंव श्री कमबीर सिंह सिहाग के सहयोग से वर्ष भर कार्यरत रही। संस्कृत साहित्य परिषद के तत्वाधान में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसके अर्न्तगत संस्कृत–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संस्कृत–निबन्ध लेखन, श्लोकोच्चारण एवं संस्कृत पत्र–वाचन प्रतियोगिताएं शामिल की गई । इन सबके लिए सम्पूर्ण परिषद बधाई की पात्र है ।

**हिन्दी साहित्य परिषदः–**

हिन्दी साहित्य परिषद श्रीमती सविता मान के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही । इस परिषद के अन्तर्गत समय–समय पर महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में आयोजित भाषण, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें उनका प्रदर्शन सराहनीय रहा । इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं ।

जारी....2.....

**गणित परिषदः–**

गणित परिषद श्रीमती रेनु यादव के कुशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । परिषद द्वारा एक पोस्टर मेकिंग एवं **Presentation** प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इसमें विभाग के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया । विज्ञान के 25 विद्यार्थियों ने HARSAC द्वारा 16 व 17 फरवरी, 2016 को H.A.U में आयोजित **Science Conclave** में हिस्सा लिया ।

**विज्ञान परिषदः–**

1. राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में हमारे विद्यालय के भौतिकी विभाग के विद्यार्थियों ने अपना मॉडल प्रस्तुत किया ।
2. रसायन विज्ञान विभाग के दो विद्यार्थियों कुमारी शैलजा तथा विजय बी0एस0सी तृतीय वर्ष ने 27.01.2016 राजकीय महाविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में अपना मॉडल प्रस्तुत किया ।

**मनोविज्ञान परिषदः–**

1. मनोविज्ञान परिषद द्वारा सत्र 2015–16 में 17.02.2016 को Poster Making प्रतिस्पर्धा का सफल आयोजन किया गया तथा **Slogan Competition** का आयोजन किया गया ।
2. मनोविज्ञान परिषद के विद्यार्थियों ने **Inter District Science Exhibition** में **Women Harrashment** पर मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके लिए मनोविज्ञान परिषद बधाई की पात्र हैं

**भूगोल परिषदः–**

भूगोल परिषद श्री प्रदीप वर्मा के कुशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । दिनांक 27 जनवरी, 2016 को राजकीय महाविद्यालय, हिसार में आयोजित Inter District Science Exhibition में भूगोल विभाग के दो विद्यार्थियों कुमारी मुकेश व अनुज कुमार ने भाग लिया । इस प्रतियोगिता में बी0ए0 तृतीय वर्ष के छात्र अनुज को **Best Explainator** का पुरस्कार मिला ।

**कम्प्यूटर साईंस परिषदः–**

1. कम्प्यूटर साईंस परिषद श्रीमती सीमा रानी के कुशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । सत्र 2015–16 में दिनांक 16.10.2015 में एक **Quiz Competition** का अयोजन किया गया जिसमें बी0सी0ए0, बी0कॉम0, बी0बी0ए0 तथा एम0कॉम0 के विद्यार्थियों ने भाग लिया ।
2. कम्प्यूटर साईंस विभाग के विद्यार्थियों ने **Inter District Science Exhibition** में भाग लिया तथा प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विद्यार्थियों ने **State Level Science Exhibition** में भी भाग लिया

**अर्थशास्त्र परिषदः–**

श्री सुभाष पूनिया के कुशल नेतृत्व में अर्थशास्त्र परिषद वर्ष भर कार्यरत रही । परिषद द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इसके लिए सम्पूर्ण परिषद बधाई की पात्र है ।

जारी....3.....

**लीगल लिटरेसी सैल (कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ)**

महाविद्यालय में वर्ष 2015–16 में लीगल लिटरेसी सैल के तहत 12.08.2015 को श्री दीपक बामल एडवोकेट हांसी कोर्ट के द्वारा महाविद्यालय में एक विस्तार भाषण करवाया गया जिसका विषय था **Constitution Value and Fundamental Duties** तथा दिनांक 17.10.2015 को श्री जे0आर0 वर्मा के द्वारा विस्तार भाषण करवाया गया जोकि **Special Legal Litracy Camp on Planner for mediation Awareness Programme** के तहत किया गया उक्त दोनो विस्तार भाषणों से महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं को काफी ज्ञान प्राप्त हुआ । इसके कुशल संचालन के लिए श्री देवेन्द्र मलिक बधाई के पात्र है ।

**महिला प्रकोष्ठः–**

1. सत्र 2015–16 में महिला प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में दिनांक 25.08.2015 से 28.08.2015 तक छात्रों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को जूड़ो–कराटे तथा **Art & Craft** का प्रशिक्षण दिया गया ।
2. दिनांक 29.10.2015 को महाविद्यालय में मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया ।

**कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमैंट सैलः–**

महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास तथा रोजगारोन्मुख जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए प्लेसमैंट सैल कार्यरत है । प्लेसमैन्ट सैल को विभाग की तरफ से 2015–16 के लिए 40000/– रू की ग्रांट प्रदान की गई जिसमें से 15000/– रू की राशि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु पुस्तके खरीदी गई । महाविद्यालय के 12 छात्र छात्राओं ने राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में हुए **Job Training & Placement Fair** में भाग लिया । महाविद्यालय में **Career Opportunity for Graduate** विषय पर विस्तार भाषण करवाया गया एवं **Carreer Planning & Motivational Factors** विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित करवाई गई ।

**राष्ट्रीय सेवा योजनाः–**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयां श्रीमती रेनु यादव एवं श्री कपिल मलिक के नेतृत्व में कार्यरत हैं। स्वयं सेवको के द्वारा समय–समय पर विशेष कार्यक्रमें जैसे वन–महोत्सव, साक्षरता–दिवस, स्वच्छता अभियान, मतदाता दिवस एवं पर्यावरण शिक्षा आदि का आयोजन किया जाता रहा है । सत्र 2015–16 में 02 मार्च, 2016 से 08 मार्च, 2016 तक दोनों इकाईयों के स्वयं सेवकों ने जगदीश कॉलोनी हांसी में सात दिवसीय शिविर लगाया इस शिविर के दौरान श्री सुधीर, एडवोकेट ने विद्यार्थियों के संविधान द्वारा दिए गए अधिकार एवं कर्तव्यों से अवगत करवाया । डॉ0 अर्चना सहगल ने सामान्य बीमारियों से बचाव एवं निदान के सम्बन्ध में बताया । सात दिवसीय शिविर में प्रथम व द्वितीय इकाई में से बेस्ट कैम्पर का खिताब कुमारी सुमन व संजय को मिला । स्वयं सेवकों ने मतदान जागरूकता, साक्षरता अभियान, स्वच्छता जैसे विषयों के प्रति लोगो को जागरूक किया । 01 नवम्बर, 2015 से 07 नवम्बर, 2015 तक स्वच्छता अभियान चलाया गया । 16 जनवरी, 2016 से 22 जनवरी, 2016 तक सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया । 25 जनवरी, 2016 को राष्ट्रीय मतदान दिवस पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । श्रीमती रेनु यादव एंव श्री कपिल मलिक इसके लिए बधाई के पात्र है ।

जारी....4.....

**एन.सी.सी :–**

महाविद्यालय में एन0सी0सी0 की एक प्लाटून, जिसमें कुल 53 कैडेट है, कैप्टन किशनपाल गुज्जर के निर्देशन में कार्यरत हैं । इस सत्र में प्रथम वर्ष में कुल 25 कैडेट को एनरोल किया गया । द्वितीय वर्ष में 19 व तृतीय वर्ष में कुल 9 कैडेट है । वर्ष भर चलने वाली विभिन्न गतिविधियों में कैडेट ने भाग लिया ।

1. इस सत्र में कुल 40 परेड़ का आयोजन करवाया गया, जिसमें ड्रील, हथियारों का प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व गुण, देशभक्ति मैप रीडिंग आदि विषयों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया ।
2. वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 24.08.2015 से 02.09.2015 तक देवसर (भिवानी) में कुल 27 कैडेटस ने भाग लिया ।
3. 21 जून, 2015 को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग शिविर में एन0सी0सी0 अधिकारी समेत कुल 30 कैडेट ने भिवानी में हिस्सा लिया ।
4. उच्चत्तर शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विंटर एडवेंचर कैम्प मनाली में महाविद्यालय के 10 कैडेटस ने भाग लिया । तथा उन्हें सबसे अनुशासित कैडेट का प्रथम पुरस्कार भी मिला ।
5. 15 अगस्त ' स्वतन्त्रता दिवस' व 26 जनवरी 'गणतन्त्र दिवस' के अवसर पर होने वाली संयुक्त परेड़ मे महाविद्यालय की टुकड़ी ने भाग लिया ।
6. गत वर्ष 'बी' प्रमाण पत्र परीक्षा में 9 कैडेट ने परीक्षा पास की इस वर्ष 'सी' की परीक्षा में कुल 9 तथा 'बी' की परीक्षा प्रमाण पत्र परीक्षा में कुल 19 कैडेटस शामिल हुए है ।

**सांस्कृतिक गतिविधियाः–**

महाविद्यालय में सत्र 2015–16 के दौरान श्री किशनपाल जी के निर्देशन में अनेक सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन हुआ ।

1. **प्रतिभा खोज प्रतियोगिता :** 15 व 16 सिंतम्बर 2015 को महाविद्यालय में प्रतिभा खोज का अयोजन करवाया गया, जिसमें विभिन्न विधाओं जैसे भाषण, गायन, नृत्य, मोनो एक्टिंग, क्विज, वाद्ययंत्र, पेटिंग व कविता पाठ आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई ।
2. **क्षेत्रीय युवा समारोह**

   युवा समारोह का आयोजन दिनांक 05 व 07 अक्टुबर 2015 को महारानी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय भिवानी रोहिला में हुआ, जिसमें महाविद्यालय ने 10 प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । जिसमें बिजेन्द्र कक्षा बी0ए0 तृतीय वर्ष रागनी में प्रथम , आदित्य बी0सी0ए0 द्वितीय वर्ष वाद्ययत्रं, में द्वितीय तथा हितेन्द्र बी0कॉम0 तृतीय वर्ष हरियाणवी एकल नृत्य में द्वितीय रहे ।
3. **रत्नावली :** कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र (27 से 30 अक्टुबर, 2015) रत्नावली समारोह में कुल 4 टीमों ने भाग लिया जिसमें बिजेन्द्र सिंह बी0ए0 तृतीय वर्ष प्रथम स्थान (हरियाणवी रागनी) तथा लघु नाटिका (हरियाणवी स्कीट) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।
4. **सांस्कृतिक समारोह 'उमंग' :** (14 व 15 मार्च, 2016)

   महाविद्यालय में 'उमंग' समारोह का आयोजन 2 दिन तक करवाया गया, जिसमें विभिन्न 20 प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया । इन सभी गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए श्री किशनपाल बधाई के पात्र है ।

जारी.....5.....

**अर्नव्हाईल यू लर्न–**

महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार अर्न व्हाईल यू लर्न नीति के अन्तर्गत 60 छात्र–छात्रायें कार्य कर लाभान्वित हुए । इसके लिए सरकार द्वारा प्रदत्त 2,20,000 /– रूपये की राशि प्राप्त हुई जिसमें से 1,73,400 /– रू0 की राशि वितरित की गई । इस कार्य के सफल कार्यान्वन के लिए श्री देवेन्द्र लाम्बा बधाई के पात्र हैं ।

**खेल–कूदः–**

महाविद्यालय के छात्र मंदीप कुमार बी0ए0 द्वितीय वर्ष रोल नं0 141006 ने तीरदांजी टीम का कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का नेतृत्व किया । रविकांत एम0कॉम0 द्वितीय वर्ष रोल नं0 146021, मंदीप बी0कॉम0 द्वितीय रोल नं0 144090, नरेश कुमार बी0ए0 द्वितीय 141137 तथा धर्मबीर बी0ए0 द्वितीय 141465 ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र की तीरदांजी में वर्ष 2015–16 **इन्डियन राउंड चैमपियनशिप** में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । सचिन एम0 कॉम0 द्वितीय 146002, अंकित बी0ए0 प्रथम वर्ष रोल नं0 151216, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र की तीरदांजी में वर्ष 2015–16 **री कर्व** में तृतीय स्थान प्राप्त किया । मंदीप कुमार बी0ए0 द्वितीय रोल नं0 141006 ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र का **अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय** में नेतृत्व किया तथा इसी छात्र का नेशनल गेम के लिए चयन हुआ ।

2– महाविद्यालय के छात्र भगत सिंह बी0.एस0सी0 द्वितीय ने **अन्तःमहाविद्यालय तैराकी चैमपियनशिप** में भाग लिया तथा विभिन्न इवेन्टस में सात पदक प्राप्त किये व कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र का **अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय** प्रतियोगिता में नेतृत्व किया ।

3– महाविद्यालय के विद्यार्थी विक्रम बी0.ए0. द्वितीय वर्ष रोल नं0 141262 ने **अन्तःमहाविद्यालय कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय** द्वारा आयोजित **'जुड़ो चैमपियनशिप'** में भाग लिया जिसमें स्वर्ण पदक प्राप्त किया, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए **अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय** में भाग लिया तथा स्वर्ण पदक प्राप्त किया । इसके अतिरिक्त इस छात्र ने 16वें एशियन जूनियर व 9वें केडिट जुडों चैमपियनशिप में तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

4– हमारे महाविद्यालय के खो–खो टीम के होनहार खिलाड़ी मोनू, बी0ए0 तृतीय वर्ष रोल नं0 10273 व हरदीप बी0ए0 तृतीय रोल नं0 10045 ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए नोर्थ जोन में अन्तः विश्विद्यालय में रजत पदक प्राप्त किया तथा **अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय** में भाग लिया ।

5– पवन कुमार बी0ए0 द्वितीय वर्ष रोल नं0 141451 ने डेकाथलन में रजत पदक प्राप्त किया ।

6– महाविद्यालय के छात्र विष्णु कुमार बी0ए0 द्वितीय वर्ष रोल नं0 141169 ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र की **रैस्लींग चैमपियनशिप** में रजत पदक प्राप्त किया तथा मनीष बी0ए0 प्रथम वर्ष रोल नं0 151323 ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र की **रैस्लिंग चैम्पियनशिप** में कास्य पदक प्राप्त किया । महाविद्यालय की छात्रा सोनू ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जूनियर वर्ल्ड रैस्लिंग चैमपियनशिप में भाग लिया । महाविद्यालय की छात्रा कीमती बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अखिल भरतीय अन्तः विश्वविद्यालय में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया ।

जारी....6...

7. महाविद्यालय के छात्र मोनू बी0कॉम0 प्रथम वर्ष रोल नं0 154015 ने अन्तः महाविद्यालय फ्री स्टाईल कुश्ती चैमपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया । इन सभी विद्यार्थियों की सफलता के लिए महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा के प्राध्यापक श्री कृष्ण कुमार बधाई के पात्र है ।

**बुक बैंक :–**

महाविद्यालय में बुक–बैंक की स्थापना की गई है जिसमें विद्यार्थियों को वर्ष भर पढ़ने के लिए पुस्तकें प्रदान की जाती हैं । इस वर्ष भी अनेक जरूरतमंद विद्यार्थियों को बुक–बैंक से पुस्तके पढ़ने के लिए दी गई ।

**बर्सर :–**

श्री सुभाष पूनिया महाविद्यालय के बर्सर है । जो कि पूरी निष्ठा एवं सतर्कता से अपना बर्सर कार्य बखूबी करते है ।

**शैक्षणिक भ्रमण :–**

इस वर्ष महाविद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए सरकार द्वारा 1,00,000/– रूपए छात्राओं के लिए तथा 1,60,000/– रू छात्रों के लिए राशि प्राप्त हुई । विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं बौद्विक विकास के लिए उन्हें विभिन्न ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाया जाता है ।

**शैक्षणिक उपलब्धियां –**

महाविद्यालय की होनहार छात्रा कुमारी करूणा सुपुत्री श्री आनन्द कुमार कक्षा बी0एससी0 द्वितीय वर्ष (नॉन–मैडिकल) रोल नं0 10907 ने सत्र 2014–15 में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में चतुर्थ स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया । महाविद्यालय परिवार कुमारी करूणा के इस शानदार उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस करता है ।

महाविद्यालय का पास प्रतिशत विश्वविद्यालय के पास प्रतिशत से अधिक रहा इसके लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी बधाई के पात्र है ।

**व्यक्तिगत उपलब्धियां :–**

(1) प्राध्यापक श्री कर्मवीर सिंह जी ने **U.G.C Human Resource Development Centre K.U.K** में अयोजित **"Self Skills & Creative Writing"** विषय में **Short Term Course** में भाग लिया ।
राजकीय महाविद्यालय, हिसार में आयोजित **One day Seminar** में एक रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया ।

(2) प्राध्यापिका श्रीमती रेनु यादव का एक रिसर्च पेपर **Journal of Mathematics** में प्रकाशित हुआ ।

(3) प्राध्यापिका श्रीमती सीमा कटारिया ने राजकीय महाविद्यालय, हिसार में एक रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया ।

जारी ....7....

**पुस्तकालय :–**

वर्तमान पुस्तकालय नयी बिल्डिंग में सुचारू रूप से कार्यरत है जिसमें 26591 पुस्तकें U.G व P.G के लिए हैं जिसमें से 1013 पुस्तके इस वर्ष खरीदी गई । पुस्कालय में प्रति दिन 10 समाचार पत्र तथा 5 मासिक पत्रिकाएं मंगवाई जाती है । जिनसे सभी विद्यार्थी लाभान्वित होते हैं ।

सत्र 2015–16 में पुस्तकालय के Automation के लिए उच्चत्तर शिक्षा विभाग से 2,00,000/– रू की राशि प्राप्त की जिसमे से पुस्तकालय की सभी पुस्तकों का Automation का कार्य पूर्ण करवाया गया तथा कार्य के जरूरी उपकरण खरीदे गए ।

**महाविद्यालय की आवश्यकताएं :–**

महाविद्यालय की अनेक आवश्यकताओं को सरकार ने पूरा कर दिया हैं फिर भी कुछ आवश्यकताएं हैं :–

1. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए प्राध्यापकों की कमी है ।
2. कार्यालय मे कर्मचारियों की भी कमी है ।
3. महाविद्यालय में पार्किंग शेड नहीं है जिससे स्टाफ एवं विद्यार्थियों को काफी असुविधा होती है।
4. दूर–दराज से महाविद्यालय में आने वाली छात्राओं की संख्या बहुत अधिक है । अतः छात्राओं के लिए एक छात्रावास की अति आवश्यकता है ।
5. महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर पुरूष व महिला कांस्टेबल की आवश्यकता है ।
6. महाविद्यालय की लाईब्रेरी के साथ अध्ययन कक्ष की आवश्यकता है ।

**शोक प्रस्ताव नामोल्लेख :–**

इस सत्र में महाविद्यालय के कुछ कर्मचारियों को अपने परिजनों की आकस्मिक मृत्यु के दुःख को सहन करना पड़ा ।

1. महाविद्यालय के श्री राम कुमार, जे0एल0ए0 के पिता श्री हरि सिंह जी का दिनांक 06.05.2015 को निधन हुआ ।
2. महाविद्यालय के श्री देवेन्द्र सिंह मलिक के पिता श्री उजाला राम जी का दिनांक 07.02.2016 को निधन हुआ ।
3. महाविद्यालय के श्री सतीश कुमार सूद के पिता श्री राजेन्द्र पाल सूद जी का दिनांक 16.02.2016 को निधन हुआ । हम ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शान्ति एवं परिवार को इस दुःख को सहने शक्ति देने की प्रार्थना करते है ।

**आभार प्रदर्शन :–**

इस समारोह के अवसर पर मैं मुख्य अतिथि का पुनः आभार व्यक्त करता हूं जिन्होने महाविद्यालय के लिए अपना बहुमूल्य समय देकर हमें उत्साहित किया एवं विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय आयुक्त एवं सचिव तथा संयुक्त निर्देशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ ।

हिसार मण्डल के आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमण्डल अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान तथा भवन, विद्युत के समस्त अभियन्तागण, एस.डी.ओ. तथा जे.ई. आभार के पात्र है ।

जारी.....8......

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कर्मठता से निभाने के लिए श्रीमती सविता मान प्राध्यापिका संस्कृत विभाग, तथा श्रीमती सीमा कटारिया प्राध्यापिका कम्प्यूटर साईंस विभाग का मैं आभार व्यक्त करता हूं । महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृंद तथा अन्य सभी कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाया है । विद्यार्थियों ने अनुशासन में रहते हुए शिक्षा, सांस्कृतिक तथा खेल–कूद गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा महाविद्यालय के वातावरण को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में योगदान दिया है। अतः वे सभी बधाई के पात्र हैं ।

अन्त में मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है ।

एक बार पुनः आज के समारोह के मुख्य अतिथि एवं उपस्थित महानुभावों का आभार प्रकट करता हूं।